राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा



14 जनवरी 2023: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 40

बन्दर मामा
आज की कविता

बन्दर मामा दावत में आ तो गए हैं पर इतनी सारी खाने पीने की चीजें देखकर उन्हें समझ में नहीं आ रहा कि कहाँ से शुरू करें? उनका जी ललचाया और गरम गरम रसगुल्ला उन्होंने गप से मुँह में रख लिया। अब क्या हुआ? बन्दर मामा यहाँ से वहाँ दौड़ रहे हैं। उनको राहत कैसे मिली? देखने और सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Kids TV India

दादी की बुद्धि
आज की कहानी

दादी को अपनी पोती की याद आई और वो उसके गाँव की तरफ चल पड़ी। रास्ते में सियार, शेर और भालू मिले पर दादी सबको यही कहती रही कि मैं दुबली पतली हुँ, पोती के यहाँ से कुछ खा पीकर आती हुँ, फिर खा लेना। दादी कई रोज वहाँ रही । अब लौटने की बारी आई। दादी ने क्या तरकीब लगाई? जानने के लिए चित्र पर क्लिक करते हैं।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Ssofttoons

मकर सक्रांति
आज की किताब

सूर्य हर रोज ठीक ठीक पूर्व में नहीं उगता और न ही ठीक ठीक पश्चिम में डूबता है; बल्कि हर रोज थोड़ा थोड़ा उत्तर की ओर खिसकता जाता है और 21 जून के बाद फिर से ठीक ठीक पूर्व से उगने के लिए दक्षिण की ओर खिसकता है । इसे ही सूर्य का दक्षिणायन होना कहते हैं। मकर संक्रांति की पूरी कहानी पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

हवा पतंग
आज की गतिविधि

पतंग और हवा का साथ दोस्ती का साथ है। लेकिन क्या आप ऐसी पतंग के बारे में जानते हो जो हवा के सहारे नहीं बल्कि किसी और ताकत से हवा में टँगी हो। इसके लिए आपको चाहिए दो चुंबक रिंग, एक कागज की छोटी पतंग, एक धागा और एक पुरानी हवाई चप्पल। आइए देखते है इस विडिओ को। चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

सूरज कहाँ जाता है?
टीचर्स कॉर्नर

क्या आपने कभी ये सोचा है कि चाहे दुनिया में कुछ भी क्यों न हो जाए, दिन और रात होने की प्रक्रिया बिलकुल वैसी ही चलती रहती है? तो सवाल है कि दिन-रात का क्रम इतनी मुस्तैदी से कैसे चलता है। यह जानना रोचक होगा कि आखिर ये दिन-रात होते कैसे हैं। या फिर सूर्य आखिर कहाँ चला जाता है? पढ़ते हैं सवालीराम का ये जवाब। चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Sandarbh



पहला पेज
हमारा पुस्तकालय

बच्चों को चित्र बनाना बहुत भाता है। पर अगर इस रुचि को हम किताबों के साथ जोड़ दें तो यह और भी रोचक और सार्थक हो जाता है। बच्चे किताबों और उसके अंदर की कहानी से रूचिपूर्ण तरीके से जुड़ जाते हैं। डाइट कटनी की छात्र अध्यापक प्रदीक्षा नायक इस पुस्तकालय गतिविधि से जुड़े अपने अनुभव वीडियो के माध्यम से बता रही हैं। चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Gora Parvati TLM

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 142वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।